आकाशवाणी केन्द्र शिमला

01.07.2024 / प्रादेशिक समाचार / 9:20 बजे

नए कानून च

तीन नये आपराधिक कानून– भारतीय न्याय संहिता भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 आज से लागू हो गये हैं। सरकार ने इस बारे में राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के साथ नियमित बैठकें की हैं और वे नये कानूनों को लागू करने से संबंधित प्रौद्योगिकी, क्षमता निर्माण और जागरूकता सृजन के लिए पूरी तरह तैयार हैं। नये कानूनों के बारे में जन–जागरूकता के लिए दूरदर्शन व आकाशवाणी के समाचार बुलेटिनों, कार्यक्रमों, चर्चाओं और सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के माध्यम से इस विषय पर गहर चर्चाएं और विशलेषण किए गए हैं। इसके अलावा जन जागरूकता अभियान संवाद कार्यक्रम सूचनात्मक वेबसाईट्स और मंत्रिस्तरीय वेबिनार का भी आयोजन किया गया। स्कूलों और उच्च शिक्षण संस्थानों के पाठ्यक्रमों में इस बारे में जानकारी शामिल करने के प्रयास भी किये गये हैं। ये नये आपराधिक कानून जांच, सुनवाई और अदालती प्रक्रियाओं में प्रौद्योगिकी के उपयोग पर बल देते हैं।

चुनाव प्रचार

प्रदेश के तीन विधानसभा क्षेत्रों देहरा, नालागढ़ और हमीरपुर में 10 जुलाई को होने वाले उप चुनाव के लिए अब नौ दिन शेष रह गए हैं। ऐसे में चुनाव प्रचार ने भी जोर पकड़ लिया है और भाजपा व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अपने–अपने प्रत्याशियों के पक्ष में रैलियों व नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से वोट मांग रहे हैं। मतों की गणना 13 जुलाई को होगी।

गुजरात–नीट

गुजरात में नीट–यूजी परीक्षा में कथित कदाचार के मामले में सीबीआई ने एक निजी स्कूल के मालिक को गिरफ्तार किया है। यह स्कूल उन परीक्षा केंद्रों में से एक था जहां 5 मई को नीट–यूजी परीक्षा आयोजित की गई थी। रिमांड हासिल करने के लिए सीबीआई टीम निजी स्कूल मालिक को अहमदाबाद की अदालत में पेश करेगी। इसके साथ, इस मामले में गिरफ्तारियों की कुल संख्या 6 हो गई है। इससे पहले गुजरात पुलिस ने परीक्षा में मदद करने के लिए कम से कम 27 उम्मीदवारों से 10 लाख रुपये की मांग करने के मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया था।

अभियान

देश भर में आज से ''स्टॉप डायरिया अभियान'' शुरू हो रहा है। 31 अगस्त तक चलने वाले इस अभियान का विषय है ''डायरिया की रोकथाम, सफाई और ओआरएस से रखें अपना ध्यान। अभियान को लेकर प्रदेशभर में बैठकें आयोजित हुई जिसमें पांच वर्ष तक की आयु के बच्चों में डायरिया को पूरी तरह समाप्त करने के उद्देश्य से कई कार्यक्रम आयोजित करने पर रूपरेखा तैयार की गई। बैठकों में ये भी निर्णय लिया गया कि

अभियान के तहत जिला व खंड स्तर पर अभिभावकों को डायरिया की रोकथाम के प्रति जागरूक किया जाएगा।

राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस

आज राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी चिकित्सकों को शुभकामनाएं दी है। इस मौके पर देश सहित प्रदेश के अस्पतालों में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। आईजीएमसी शिमला में इस दौरान रंगोली व प्रश्नोतरी प्रतियोगिता आयोजित होंगी जबकि शहर के कच्चीघाटी में एक दंत चिकित्सा शिविर भी आयोजित हो रहा है।

मौसम

राज्य में पिछले 24 घंटों के दौरान कुछ स्थानों पर मॉनसून की व्यापक वर्षा का समाचार है। हालांकि राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज दिन की शुरूआत हल्की धूप के साथ हुई है। मौसम विभाग ने प्रदेश में 2 जुलाई तक भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

<u>और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से..............</u>

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। कारोबारियों के घर पहुंची टीम, स्टॉक के साथ दस्तावेज खंगाले शीर्षक से दैनिक भास्कर लिखता है हमीरपुर में चार स्थानों पर इनकम टैक्ट के रेड दूसरे दिन भी जारी रही। दिव्य हिमाचल के शब्द हैं सात कारोबारियों का रिकॉर्ड गठरियों में भरकर चंडीगढ़ ले गया आयकर विभाग।

अमर उजाला की एक खबर है सीपीआरआई छह सौ क्विंटल आलू ब्रीडर बीज करेगा तैयार।

लहे–लद्दाख के साथ फिर गहराया सीमा विवाद शीर्षक से पंजाब केसरी लिखता है लाहौल घाटी के सुमदो क्षेत्र में लगाए 15 टैंट।

दिव्य हिमाचल की सुर्खी है हिमाचल में 3 दशमलव़ 21 लाख करोड़ की वन संपदा पर कमाई जीरो।

सांसद अनुराग ठाकुर के हवाले से दैनिक सवेरा टाइम्स लिखता है मात्र 18 माह के कार्यकाल में कांग्रेस ने प्रदेश पर 25 हजार करोड़ का कर्ज बढ़ाया। वहीं आपका फैसला बकौल मुख्यमंत्री लिखता है जयराम व अन्य बीजेपी नेताओं को झूठ बोलने की लत लग गई।

दैनिक जागरण की एक खबर है हिमाचल में छह माह में पहुंचे एक करोड़ पर्यटक।

मौसम पर दैनिक भास्कर की सुर्खी है चक्रवर्ती तूफान रेमल ने हिमचल में कमजोर की मानसून की रफ्तार, हिमाचल के कई जिलों में नाममात्र की बारिश।

फर्जी प्रमाण पत्र तैयार करने वाला गिरोह सीबीआई के रडार पर शीर्षक से पंजाब केसरी लिखता है हरियाणा के साथ ही यूपी, बिहार से जुड़ रहे तार, शिमला में दर्ज हुए 2 नए केसों में रिकॉर्ड तलब।